>

Title:Need to construct and modernize the roads by the Border Roads Organization of Defence Ministry in Madhubani, Darbhanga and Sitamarhi Districts in Bihar.

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : सभापति महोदय, उत्तर बिहार के मधुबनी, दरभंगा और सीतामढ़ी जिलों में सड़कों का निर्माण और नवीकरण रक्षा मंत्रालय की बॉर्डर रोड संस्था से करवाया जाए। चीन ने नेपाल के बहुत अन्दर तक भारत नेपाल सीमा पर सड़क बना दी है। हमारे रक्षा मंत्री पहले ही कह चुके हैं और आज से तीन-चार दिन पहले शहरी विकास मंत्री का भी बयान आया है कि भारत को सबसे ज्यादा खतरा चीन से है। भारत की सुरक्षा की दृष्टि से मधुबनी की सड़कें, जो भारत नेपाल सीमा पर स्थित हैं, उनको बनाया जाना नितांत आवश्यक है। मेरी मांग है कि रक्षा मंत्रालय की बॉर्डर रोड संस्था से मधुबनी, दरभंगा और सीतामढ़ी की सड़कों को बनाया जाए। दरभंगा में वायु सेना का भी हवाई अड्डा है। सुरक्षा की दृष्टि से वहां आवागमन होना नितान्त आवश्यक है। मेरी मांग है कि बॉर्डर रोड संस्था से इन सड़कों का निर्माण करवाया जाए।